ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 09-04-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-04-09 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-04-10	2024-04-11	2024-04-12	2024-04-13	2024-04-14
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	2.0
अधिकतम तापमान(से.)	40.0	40.0	39.0	40.0	39.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	24.0	24.0	26.0	27.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	13	26	33	53	43
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	6	8	13	27	23
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	11	10	18	22	19
पवन दिशा (डिग्री)	231	229	220	221	235
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	1	1	6	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 39.0 से 40.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 24.0 से 27.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

अनाज को भंडारण में रखने से पहले भंडार घर की अच्छी तरह सफाई करें तथा अनाज को अच्छी तरह से सुखा लें एवं कूड़े-कचरे को जला या दबा कर नष्ट कर दें। भंडारघर की छ्त, दीवारों और फर्श पर एक भाग मेलाथियान 50 ई.सी.को 100 भाग पानी में मिला कर छिड़काव करें।

लघु संदेश सलाहकार:

14 अप्रैल को हल्की वर्षा की सम्भावना को देखते हुए कटाई की गई फसलों को सुरक्षित स्थान पर रखें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	किसान भाई गेहूं की फसल की कटाई व थ्रैसिंग का कार्य पूरा करें तथा सुरक्षित स्थान पर रखें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
भिण्डी	जायद भिण्डी की फसल में पीतशीरा मोजेक वायरस रोग की सम्भावना है। इस रोग के प्रकोप से पत्तियां एंव फल पीले पड जाते है। इस रोग का संचार सफेद मक्खी नामक कीट से होत है। इसके नियंत्रण हेतु फूल आने से पहले लिए इमिडाक्लोप्रिड या एसीटामीप्रिड 3-5 मि.ली. का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करे।
बैंगन	बैंगन की फसल में तना व फल छेदक का प्राकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु साइपरमेथ्रिन 5 मिली लीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
लौकी	मौसम की परिस्थितियाँ सब्जियों में लीफ माइनर (पत्ती में सुरंग बनाने वाला कीट) के प्रकोप के अनुकूल हैं अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती हैं कि कीट के प्रभावी नियंत्रण के लिये सायनाट्रेनीलीप्रोल10.26 प्रतिशत ओ.डी. 1 मिलीलीटर प्रति 2 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	बकरियों में पिस्सू व हरडा जैसे परजीवियों के रोकथाम के लिए, बकरियों को सुबह बाडें से बाहर निकाल कर बाडें मे साइपरमेंथ्रीन के 10 प्रतिशत का 3 मि.ली. प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	किसानों को सलाह दी जाती है कि सब्ज़ियों में किसी भी प्रकार का छिड़काव वर्षा के पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें।